an>

Title: Need to construct a bypass from Gaimukh to Balkoom Ghorbander in Thane Constituency of Maharashtra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : माननीय अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद। मैं सदन का ध्यान देश के अन्य महानगरों की तुलना में मुम्बई के बगल में बसे ठाणे, नवी मुम्बई, मीरा भाईन्दर शहरों की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो शीघ्रता से विकसित हो रहे हैं। ठाणे शहर की जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ ठाणे शहर में वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है, जिसके कारण वहां अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए एक वैकल्पिक रास्ते का निर्माण करना जरूरी है। मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे लोक सभा में गायमुख से बाळकुम खाड़ी के किनारे घोड़बंदर बाईपास रास्ते की योजना एमएमआरडी ने दिनांक 24-12-2007 को 120वीं मीटिंग में प्रस्ताव सं. 1148 के अनुसार 313 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी, लेकिन इस बाईपास रास्ते को एमसीजैडएमए ने वहां पर मैंग्रोव्स होने के कारण उस रास्ते को एलीवेटेड करने की सिफारिश की है। वहां केन्द्र सरकार के नौसेना विभाग की जगह होने के कारण 300 मीटर की बाउंड्री के ऊपर उन्होंने टनल प्रस्तावित की है और उन्होंने इसकी सब्जैक्ट टू कंडीशन एनओसी दे दी है। इसी एलीवेटेड रोड और टनल की वजह से इसका अनुमानित खर्चा 313 करोड़ रुपए से 1,000 रुपए तक प्रस्तावित है। यदि यह बाईपास रास्ता तैयार हो जाता है, तो मुम्बई से होकर गुजरात एवं दिल्ली जाने-आने वाले भारी वाहनों के गुजरने में आसानी होगी।

अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि वह एमएमआरडी और केन्द्र सरकार के माध्यम से इस बाईपास परियोजना को पूरा करने के लिए निधि देने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे एवं

भैरोंप्रसाद मिश्र को श्री राजन विचारे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।